>

Title: Need to construct the buildings of Kendriya Vidyalaya in Deoria and Chero in Salempur Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): सभापति महोदय, मैंने चुनाव जीतने के साल भर के भीतर अपने संसदीय क्षेत्र में एक केन्द्रीय विद्यालय खुलवाया। प्राइमरी स्कूल के भवन में वह विद्यालय चलता है। उस गांव सभा ने फ्री में चेरो ग्राम सभा में जनपद देवरिया, उत्तर प्रदेश, जो पूर्वांचल का पूर्वी छोर है, जहां सलेमपुर लोक सभा क्षेत्र से मैं आता हूं। गांव सभा ने केन्द्रीय विद्यालय बनवाने के लिए फ्री में जमीन दी, उसकी बाउंड्री करानी है। आपको यह जानकर ताज्जुब होगा कि मानव संसाधन मंत्रालय क्या कर रहा है। वह कह रहा है कि जमीन लो लैंड है। जबकि गांव सभा ने फ्री में जमीन दी है और विभाग यह कह रहा है कि जमीन लो लैंड है, यदि गांव सभा इसे ऊंचा करवा कर दे तो हम केन्द्रीय विद्यालय बनायेंगे। 2002 में देवरिया जनपद में एक दूसरा केन्द्रीय विद्यालय खुला और 2002 से आईटीआई स्कूल के भवन में वह विद्यालय चल रहा है। आईटीआई स्कूल के भवन को जिलाधिकारी ने भी जमीन उपलब्ध करा दी है। लेकिन आज तक केवल बाउंड्री वॉल का पैसा मिला, उसके भवन का पैसा नहीं मिला। आईटीआई विभाग के भवन को जो इंजीनियर देखता है, उसने इस साल कह दिया कि इसमें बच्चों के पढ़ने लायक जगह नहीं है, यह भवन कभी भी गिर जायेगा।

सभापति महोदय, यह बच्चों का सवाल है, जो केन्द्रीय विद्यालय में पढ़ रहे हैं। मैं चेरो केन्द्रीय विद्यालय जनपद देवरिया और देवरिया केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों के हित में कहना चाहता हूं कि बजट के एक दिन पूर्व मैंने यह मामला सदन में उठाया है, इसलिए भी यह महत्वपूर्ण हो गया है। मेरा केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से निवेदन है कि केन्द्रीय विद्यालय देवरिया और चेरो को भवन निर्माण के लिए तुंत पैसा देने का कष्ट करें।